विचारणीय-विषय

राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला हेतु डाटा विश्लेषक-सह-लेखपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

पद संबंधी बातें :

डाटा विश्लेषक-सह-लेखपाल सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के समग्र प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन हेतु जिम्मेदार होगा। वह कार्रवाई हेतु कार्यक्रम डाटा सृजन और विश्लेषण करने के लिए जिम्मेदार होगा/ होगी तथा वह वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मातृत्व स्वास्थ्य प्रभाग के साथ कार्य करेगा/करेगी। वह राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला में से एक में तैनात होगा/होगी तथा राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के सुगम प्रचालन हेतु सभी प्रशिक्षण डाटा के विश्लेषण, जवाबदेही वित्तीय रिकॉर्ड रखने तथा आवश्यक लोजिस्टीक सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा/होगी।

डाटा विश्लेषक-सह-लेखपाल उपायुक्त (मातृत्व स्वास्थ्य) स्वा.एवं परि.क.मंत्रालय को रिपोर्ट करेगा।

भूमिका और जिम्मेदारियां:

डाटा विश्लेषक-सह-लेखपाल राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशाला में निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार होगा:

रिपोर्ट करना तथा रिकार्ड रखना

- प्री-पोस्ट कौशल तथा प्रशिक्षण के दौरान ज्ञान मूल्यांकन एसएसवी के दौरान कौशल मूल्यांकन, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यबल का अनुपात, प्रशिक्षित एचआर के तैनाती स्वरुप डाटा संकलन तथा विश्लेषण करना और आवश्यक कार्रवाई हेतु वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तथा एमएच प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ शीर्ष परिणामों को साझा करना।
- वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तथा एमएच प्रभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ कार्रवाई हेतु तुरंत ध्यान देगा अथवा प्राथमिकता क्षेत्रों की चिंताओं को पहचानेगा और साझा करेगा।
- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में डाटाबेस (प्रापण, प्रशिक्षण समय सारणी, प्रशिक्षु, डाटाबेस, मूल्यांकन दौरे आदि) का रखरखाव और नियमित उन्नयन सुनिश्चित करना।
- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के लिए वस्तुसूची तथा आवश्यक वित्तीय रिकॉर्डों (एनएचएम एफएमजी/ एमएच प्रभाग द्वारा निर्दिष्ठ के अनुसार) को रखना तथा आवधिक अद्यतन करना।
- प्रक्रिया रिपोर्टों तथा प्रशिक्षण रिपोर्टों के यथा समय तैयारी हेतु संबंधित कौशल प्रयोगशाला संयोजकों के साथ समन्वय करना।
- डाटा विश्लेषणों के परिणामों को निर्णय लेने के लिए उच्च प्राधिकारी को संप्रेषित करना।
- परिकल्पना नोट तथा एम & ई कार्यढांचे को निर्धारित तथा तैयार करना।

निधि प्रवाह तथा उपयोग

- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के लिए शीघ्र निधि अंतरण/ प्रशिक्षण लागत हेतु राज्य सरकार के सहयोगियों के साथ समन्वयन करना।

- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में 6 दिनों/दक्ष प्रशिक्षणों हेतु प्रतिभागियों का नामांकन करने के लिए राज्यों की उपयोगिता प्रमाण-पत्र की तैयारी एवं प्रावधान हेतु संस्थागत अध्यक्षों व विशिष्ट दक्ष कौशल प्रयोगशाला समन्वयकों के साथ घनिष्ठतापूर्वक कार्य करना।
- एमएच प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं को दिए गए सहायता अनुदान हेतु उपयोगिता प्रमाण-पत्रों एवं व्यय के विवरण (एएओई) की तैयारी तथा समय से प्रस्तुति।

प्रशिक्षण:

- राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में 6 दिनों के प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्ता आश्वासन में तकनीकी अधिकारी को सहयोग देना।

प्रशासनिक:

- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं के इंडेंट अनुरोधों को एकत्र करना तथा आवश्यक आपूर्तियों एवं उपभोग्य सामग्रियों का प्रापण करना।
- सभी राष्ट्रीय कौशल प्रयोगशालाओं में निधियों की उपयोगिता की ट्रैकिंग में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी को सहयोग देना।

अर्हता एवं कौशलः-

- बीसीए/बी. कॉम डिग्री
- स्नातकोत्तर डिग्री, एमसीए/एम.कॉम/एमबीए
- एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइन्ट व एक्सेस) तथा अन्य सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पैकेजों जैसे कि एसपीएसएस, एसटीएटीए आदि में निपुणता।
- डाटा विश्लेषण का कार्य करने अथवा अपेक्षित एम एण्ड ई कार्य का 5 से 6 वर्ष का अनुभव।
- एनएचएम वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों तथा अधिमान्य एकाउंटिंग का ज्ञान।
- अच्छा समन्वय एवं व्यावहारिक कौशल।

आयुः 45 वर्ष से कम

पारिश्रमिक श्रेणीः रु. 60,000/- रु. प्रति माह।

छुट्टीः

प्रति वर्ष 12 दिनों का चिकित्सा अवकाश। 3 कार्यालय दिवसों से अधिक होने वाली चिकित्सा अवकाश के लिए चिकित्सक का प्रमाण-पत्र देना होगा।

15 दिनों की वार्षिक गैर-संचयी, गैर-नकदी छुट्टी।

नियुक्ति की प्रकृतिः

डाटा विश्लेषक-सह-लेखाकार की नियुक्ति आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर होगी (संतोषजनक कार्य करने के अधीन) तथा इसे आगे वर्षों के लिए कार्य निष्पादन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। नियमित आधार पर वार्षिक मूल्यांकन।

आवेदन कैसे करें: कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल rch.recruitment@nhsrcindia.org **में** दिनांक **06-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित **संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।